हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त, 2025

11 जमालपुरवासियों ने पानी की निकासी को लेकर रोका रोड



12 शहीद उधम सिंह का जीवन युवा पीढ़ी के लिए ...



**खबर संक्षेप**

### हरियाणा बिजली पेंशनर्ज एसो. की बैठक आज

**भिवानी।** नेहरू पार्क में हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन यूनिट की मासिक बैठक शुक्रवार एक अगस्त को प्रातः 10 बजे एसोसिएशन के प्रधान बालमुकन्द बापोड़ा की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी एसोसिएशन के जिला महासचिव आरके चावला ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में 26 अक्तूबर को आयोजित होने वाले वरिष्ठ पैंशनर्ज सम्मान समारोह में वर्ष 1958-59 में जन्में साथियों को सम्मानित किया जाएग।

### गांव मिताथल में रक्तदान शिविर आज

**भिवानी।** गांव मित्ताथल के वीर शहीद सुरेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 1 अगस्त को सुबह 8:30 बजे से 12:30 बजे तक 24वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उड़ान वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मास्टर पवन मित्ताथल ने बताया कि शिविर का आयोजन समस्त रक्तदाता, स्कूल स्टाफ सदस्य, ग्राम पंचायत मित्ताथल के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर में चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल के बल्ड बैंक के चिकित्सकों की टीम रक्त एकत्रित करेगी।

### चौधरी बंसीलाल विवि में सावन महोत्सव एक को

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि में सावन महोत्सव कल 01अगस्त को प्रातः 9:00 बजे से विवि के ओल्ड कैंपस में आयोजित किया गया है। सावन महोत्सव कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी एवं सह संरक्षक कुलसचिव डॉ भावना शर्मा तथा संयोजक डॉ सुरेश मलिक हैं। सावन महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय कलाकार एवं क्षेत्रीय निदेशक हरियाणा कला परिषद गजेंद्र फोगाट एवं बतौर विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध उद्योगपति धर्मेश शाह, एडवोकेट मुकेश चौहान,पूर्व कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह शिरकत करेंगे

## ‘दोहरी परीक्षा से गुजरे भावी शिक्षक’

# पहले पानी में खड़े होकर किया बारी का इंतजार,फिर गीले कपड़ों में दिया इम्तहान





**भिवानी।** पानी में खड़े होकर परीक्षा केंद्र के खुलने का इंतजार करते परीक्षार्थी और सड़कों पर जमा पानी से होकर गुजरते परीक्षार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गूगल भी दे गया जवाब

सीईटी परीक्षा में परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों को दूंढने के लिए गूगल का सहारा लिया,लेकिन शिक्षा बोर्ड द्वारा ली जा रही एचटेट की परीक्षा में गूगल भी जवाब दे गया। जो परीक्षार्थी गूगल के जरिए परीक्षा केंद्र दूंढ रहे थे। वे परीक्षा केंद्र के पास पहुंचने के बाद भी परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच पाए। क्योंकि आगे गूगल ने कोई जानकारी नहीं दी। जिस वजह से परीक्षार्थी देर सवेर ही परीक्षा केंद्र तक पहुंच पाए। यहां यह बताते चले कि परीक्षा केंद्रों पर जेम्बर लगे होने की वजह से किसी भी मोबाइल कम्पनी का नेटवर्क कार्य नहीं करता। जिस वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में अच्छी खासी परेशानी हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को हरियाणा पात्रता परीक्षा देने आए भावी शिक्षकों को दोहरी परीक्षा से गुजरना पड़ा। पहले मूसलाधार बारिश से परीक्षा केंद्र तक पहुंचने तथा बारिश में रोलनम्बर को बचाने की परीक्षा का सामना करना पड़ा। हालांकि कई परीक्षार्थियों के रोलनम्बर भीग गए। जिन्होंने परीक्षा केंद्र में पहुंचकर पंखे के नीचे रोलनम्बरों को सुखाया। वहीं गीले कपड़ों में परीक्षा केंद्र में बैठ कर तीन घंटे तक परीक्षा दी। अब परीक्षार्थियों ने दोहरी परीक्षा तो दे दी,लेकिन अब देखना ये है कि परीक्षार्थियों को इस परीक्षा का फल क्या मिलता है। वहीं दोपहर बाद की पारी में भी बारिश ने परीक्षार्थियों को पानी में खूब नहलाया। दूसरी पारी के परीक्षार्थी भी बारिश में भीगते नजर आए।

गुरुवार सुबह हरियाणा विद्यालय शिक्ष बोर्ड द्वारा ली जा रही परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह सात बजकर पचास मिनट से लेकर नौ बजे तक निर्धारित किया गया था। इस दौरान भिवानी व आसपास के इलाकों में जबरदस्त बारिश चली। आठ बजे तक आसमान से जमकर पानी बरसा। उसके बाद बारिश की गति धीमी हुई,लेकिन पूरी तरह बंद नहीं हुई। दूर दराज से आने वाले परीक्षार्थी बारिश में ही भीगते भीगते परीक्षा केंद्र तक पहुंचे। कई परीक्षार्थी सवा सात बजे ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए,लकिन परीक्षा केंद्र के अंदर न जाने देने की वजह से परीक्षार्थियों ने बाहर बारिश में ही खड़े होकर परीक्षा केंद्र के खुलने का इंतजार किया। कई परीक्षा केंद्रों के बाहर आधा फुट तक बारिश का पानी जमा हो गया। परीक्षार्थी उसी पानी के बीच खड़े होकर परीक्षा केंद्र के खुलने व प्रवेश शुरू होने का इंतजार करते रहे।

इस दौरान परीक्षार्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपना रोलनम्बर को भीगने से बचाने की रही। बहुत से परीक्षार्थियों के रोलनम्बर बारिश में भीग गए। जो कि परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के बाद पंखे के नीचे सुखाते नजर आए।

### चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

किसी तरह की अप्रिय घटना से बचने व यातायात व्यवस्था पटरी पर रखने के लिए हर चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रही। नाकाबंदी करके वाहनों को लाइनों में निकाला। हालांकि जिस वक्त परीक्षा खतम हुई उस वक्त एक बारगी तो सड़कों पर जाम की स्थिति बन गई,लेकिन पुलिस की चौकसी के चलते वाहनों का आवागमन पूरी तरह से होता रहा। इस दौरान पुलिस ने किसी भी वाहन को आड़ा तिरछा नहीं खड़ा होने दिया। जो परीक्षार्थी वाहन लेकर परीक्षा केंद्र तक पहुंचा। उसके वाहन को बाहर को ही फुटपाथ पर खड़ा करवा दिया। ताकि वाहनों के आने जाने में कोई परेशानी न हो सके। शाम के वक्त सभी वाहनों के जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थियों को पार्षद ने पहुंचाया





सुबह की पारी में भारी बारिश के चलते परीक्षार्थी बेहद परेशान थे। उपर से बारिश और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने की चिंता खाए जा रही थी। इस दौरान कुछ परीक्षार्थी दिल्ली पब्लिक स्कूल में पहुंच गए। जब उनके रोलनम्बर चेक किए तो उनका परीक्षा केंद्र आर्यन स्कूल का मिला। अब जल्द ही परीक्षार्थियों को प्रवेश देने की प्रक्रिया भी बंद होने वाली थी। ऐसे में जिला परिषद के पार्षद प्रतिनिधि मोनू देवसर ने अपनी गाड़ी में जो परीक्षार्थी गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंचे थे उनको बैठाया और आर्यन स्कूल लेकर पहुंचे। हालांकि उस वक्त प्रवेश प्रक्रिया बिल्कूल अंतिम समय में थी। जिप प्रतिनिधि ने सुरक्षा कर्मियों से गुजारिश की और उन सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिलाया। इन परीक्षार्थियों में कुछ राजस्थान तो कुछ हरियाणा के थे। कई परीक्षार्थियों के रोलनम्बर भी एटेस्ट नहीं थे। यह कार्य भी मोनू देवसर ने पूरा करवाया। दूसरी तरफ शहर थाना प्रभारी ने भी इसी तरह से परीक्षार्थियों का सहयोग किया। वे अपनी गाड़ी में परीक्षार्थियों को लेकर आए।

## सुबह 17 और शाम को 7 सेंटरों पर हुई परीक्षा, प्रशासन ने किए बेहतर इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में वीरवार को दो सत्रों में अध्यापक पात्रता पात्रता परीक्षा शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुई। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने लगातार परीक्षा व्यवस्था पर निगरानी रखी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के उड़नदस्तों ने भी जिला में परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। एचटेट की परीक्षा के लिए जिला में बनाए गए 17 परीक्षा केंद्रों में से सुबह के सत्र में सभी केंद्रों पर और शाम के सत्र में 7 केंद्रों परीक्षा ली गई। परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से बेहतरीन प्रबंध किए गए थे। प्रवेश करते ही बायो मेट्रिक हाजिरी लगवाई गई।

उपायुक्त ने जैमर, बायोमीट्रिक हाजिरी, फ्रिस्किंग टीम की वर्किंग, सीटिंग प्लान आदि के बारे में रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी शांतिपूर्ण परीक्षा करवाने के लिए बधाई के पात्र है। अध्यापक पात्रता परीक्षा के सफल एवं समावेशी आयोजन के अंतर्गत जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की। उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस चेयरमैन मुनीष शर्मा के मार्गदर्शन में



रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर व्हीलचेयर की व्यवस्था की, जिससे दिव्यांग और शारीरिक रूप से असमर्थ परीक्षार्थी परेशान न हो।

इस मानवीय पहल का उद्देश्य ये सुनिश्चित करना था कि कोई भी अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता के कारण अपने भविष्य की इस अहम परीक्षा से वंचित न रह जाए। व्हीलचेयर की व्यवस्था ने कई जरूरतमंद परीक्षार्थियों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का अवसर प्रदान किया। रेडक्रॉस सचिव बलवान सिंह ने स्वयं केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सुधरेंगे रिश्ते और घटेगा मुकदमेबाजी का बोझ : पवन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के आदेशों की अनुपालना में देशभर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में भिवानी में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 1 जुलाई 2025 से इस विशेष अभियान की शुरुआत हो चुकी है। यह 90 दिवसीय अखिल भारतीय अभियान 30 सितंबर 2025 तक चलेगा। इस अभियान की अगुवाई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया के निर्देशानुसार की जा रही है।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, सह सचिव पवन कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से रिश्ते सुधरेंगे और मुकदमेबाजी का बोझ घटेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया से ना केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पक्षकारों के बीच पारस्परिक संबंध भी बेहतर बने रहते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में जिला न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायिक स्तरों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान न्यायपालिका के उस दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है, जो कहता है कि विवादों को आपसी सहमति से सुलझाना एक सशक्त, त्वरित और प्रभावशाली समाधान है। उन्होंने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन मामलों पर केंद्रित है जो मध्यस्थता के योग्य हैं, जैसे पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद, व्यापारिक अनुबंध विवाद, उपभोक्ता मामले आदि।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जहां जनता मध्यस्थता को एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में स्वीकार करे। सीजेएम पवन कुमार ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम, वर्कशॉप, शिविर और विशेष मध्यस्थता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। पैनल अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और कानून के विद्यार्थियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है, जिससे समाज के हर वर्ग तक इसकी पहुंच हो सके।

## समय पर पूरी करें स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- शुक्रवार 8 अगस्त को होगा सांस्कृतिक टीमों का चयन
- बिना रजिस्ट्रेशन कोई शिक्षण संस्थान ले सकता है भाग

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए आगामी 8 अगस्त शुक्रवार को सांस्कृतिक टीमों का चयन किया जाएगा। इस दौरान चयन के लिए टीमों द्वारा दी जाने वाली केवल उन्हीं प्रस्तुतियों पर विचार किया जाएगा, जो पूरी होंगी। चयन प्रक्रिया में कोई भी शिक्षण संस्थान भाग ले सकता है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह से संबंधित तैयारियों को समय पर पूरा करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्यतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और उसके बाद पीटी डम्बल शो आदि होंगे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की टीमों का चयन आगामी 8 अगस्त को होगा। एक कमेटी टीमों की प्रस्तुति के आधार पर चयन करेगी। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार के रजिस्ट्रेशन अथवा सूचना की आवश्यकता नहीं है।

## संसद में गूंजा बीमा कंपनी की धांधली का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

- लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने उठाया मुद्दा

दक्षिणी हरियाणा के किसानों के साथ बीमा कंपनियों की धांधली का मुद्दा संसद तक पहुंच गया हैं। लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह और कांग्रेस सांसद जयप्रकाश ने वीरवार को सत्र में बीमा कंपनी द्वारा खरीफ सीजन की कपास की फसल के नुकसान को ड्रोन से दर्शाकर लगभग 350 करोड़ का मुआवजा जारी न करने का मुद्दा उठाकर केन्द्र व प्रदेश सरकार से इस तरह के मामलों की जांच कर पीड़ित किसानों को उनका ब्याज सहित मुआवजा व बीमा कंपनी की मनमानी के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र के किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं और सीएम ने भी जांच करवाने का भरोसा दिया है लेकिन बीमा कंपनी अभी भी हठ्धर्मिता पर अड़ी है। सांसद धर्मबीर सिंह ने संसद सत्र में बीमा कंपनियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि कंपनियां जानबूझ कर किसानों का शोषणा कर रही हैं सरकारी पैसे का भी स्वयं ही दुरुपयोग कर रही हैं। बीमा कंपनियां तरफ तो प्रीमियम के रुप में भारीभरकम पैसे वसूल कर रही है वहीं ओलावृष्टि या सूखे की चपेट में आने पर फसलों का बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है। खरीफ सीजन की कपास की फसलों पर पहले सूखे की मार व फिर बेमौमसी बरसात होने से सभी पौधे खराब हो गया और उत्पादन में साठ से सौ फिसदी तक के नुकसान का झटका लगा था और राजस्व विभाग ने भी इसकी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी गई थी, लेकिन पीएम फसल बीमा कंपनी ने पहले तो आनाकानी की फिर सेटेलाइट व ड्रोन की रिपोर्ट के आधार पर मामूली मुआवजा दिया। किसानों की हजारों एकड़ फसलें खराबें की भेंट चढ़ गई, लेकिन अब पीएम फसल बीमा के लिए अनुबंधित कंपनी ने सारी रिपोर्ट में गोलमाल कर किसानों के मुहं से निवाला छिनने का काम किया है। इससे अकेले दादरी जिले को पच्चास से सौ करोड़ व भिवानी जिले को ढाई सौ करोड़ का नुकसान हुआ है। लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने वीरवार को सत्र में एक बीमा कंपनी द्वारा वर्ष 2023 की खरीफ सीजन की कपास की फसल के नुकसान को ड्रोन से दर्शाकर लगभग 50 करोड़ का मुआवजा जारी न करने का मुद्दा उठाया।

### आसमान से जमकर बरसा पानी, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

# बारिश से किसी को राहत तो कोई आहत, बंद हुए वाहन

हहरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुरुवार को आसमान से जमकर पानी बरसा। तेज बारिश से किसी को राहत मिली तो कोई आहत हुआ। जलभराव की वजह से लोगों को जबरदस्त परेशानी झेलनी पड़ी। शहर के ढलान वाले इलाकों में बारिश का पानी जमा होने से लोगों को पानी के अंदर से ही होकर निकलना पड़ा। जिन इलाकों में तेज बारिश से फसलों में पानी जमा हो गया। उन इलाकों में फसलों के खतम होने की आशंका बन गई है। हालांकि तेज बारिश से गर्मी व उमस छू मंतर हो गई,लेकिन जलभराव ने





किसानों के लिए नई समस्या खड़ी कर दी। सुबह करीब सात बजे तक एक गति से ही पानी बरसता रहा। उसके बाद हवा की दिशा बदली तो बारिश की गति पर भी ब्रेक लगने शुरू हो गए। करीब आधे घंटे तक कभी धीमी तो कभी तेज पानी बरसा। साढे आठ बजे बारिश पर ब्रेक लगा तो लोगों को थोड़ी सी राहत मिली। लोग घरों से बाहर निकले। उस वक्त जिस तरफ नजर दौड़ाई जाए। उसी तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा था। बारिश थमने के आधे घंटे बाद लोगो की दिनचर्या शुरू हुई। बारिश से शहर ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी जलभराव की स्थिति बनी। शहर के शिवनगर कॉलोनी के अलावा रोहतक गेट, दिनोद गेट, घंटाघर चौक इलाके में भी कई जगहों पर बारिश का पानी जमा हो गया। पानी की निकासी नहीं होने की वजह से दोपहर तक लोगों को खासी परेशानी सहनी पड़ी। दूसरी तरफ तेज बारिश उन किसानों के लिए आफत से कम नहीं थी। जिनके खेतों में अभी भी बारिश का पानी जमा था या ड्रेन के ओवर होने से खेतों में जमा पानी की निकासी नहीं हो पाई थी।

### हाईवे के पास ऑटो पलटा, राहगीरों ने उठवाया



मुंढाल खुर्द के हाईवे के पास खेल ग्राऊंड के समीप पानी में ऑटो पलट गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब गड्डे में बारिश का पानी जमा था। चालक को गड्डे का तनिक भी अहसास नहीं हुआ। जैसे ही ऑटो का पिछला पहिया गड्डे में गिरा तो वह पलट गया। ऑटो में बैठी सारी सवारी ऑटो के नीचे दब गई। गनीमत यह रही कि यह हादस उस वक्त हुआ। जब खेल ग्राऊंड से बच्चे खेल कर लौट रहे थे। बच्चे व खेल प्रशिक्षक ने मिलकर आटो को सीधा किया और उसके नीचे दबी सवारियों को बाहर निकाला।

## सुमन श्योराण बनीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल



सर्वसमाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कनीना (जिला महेंद्रगढ़) में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम बी. जांगिड़ ने की। बैठक में संगठन के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, वहीं सर्वसम्मति से बहल निवासी सुमन श्योराण को महिला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

वीरवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम बी. जांगिड़ ने नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी करते हुए उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए पांच वर्ष के कार्यकाल हेतु मनोनीत किया और बधाई भी दी। नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुमन श्योराण ने समाज के शीर्ष नेतृत्व व अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी और संगठन को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी।

उन्होंने कहा कि सर्व समाज का व्यापक हित और महिला सशक्तिकरण मेरी प्राथमिकता रहेगी। समाज ने जो विश्वास जताया है, उसे मैं अपने कर्तव्यों के माध्यम से सार्थक सिद्ध करूंगी।

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



### दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होती। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

### प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की मदद करते हो। पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे को बहुत प्यार के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

### फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

### जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

### कुट्टी की करो छुट्टी

**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।



बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी



साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

### हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे-बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब :** बुलबुल की किताब, **लेखक :** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य :** 100 रुपए, **प्रकाशक :** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।

# फिर बने दोस्त






कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए, सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तो मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।' दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़



### मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

### हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।
-आयुष, दुर्ग

### जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?



बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

### अंतर बताओ


बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर है। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमुडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

### रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद बच्चों को पुस्तकें और ड्रेस बांटी

**चरखी दादरी।** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय झांसी की रानी एक प्रेरणा समूह अब जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में भी संबल बनकर सामने आया है। समूह की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका प्रजापति ने बताया कि संस्था ने नई पहल की शुरू की है, जिसके तहत उन बच्चों को स्कूल की पुस्तकें, ड्रेस और अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है, जो पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन संसाधनों की कमी उनके सपनों के बीच दीवार बन रही है। इस नेक अभियान की शुरुआत वीरवार को दादरी से हुई, जहां समाजसेवियों के सहयोग से कई बच्चों को शैक्षिक सामग्री प्रदान की। इसी कड़ी में रूबी सिंगल और प्रीति मित्तल व नेहा जिंदल सहित इत्यादि ने जरूरतमंद बच्चों को किताबें और कपड़े भेंट किए।

### रोटरी क्लब ने वितरित की सिलाई मशीने

**भिवानी।** रोटरी क्लब भिवानी डाउनटाउन ने कीर्ति नगर स्थित सांस्कृतिक सदन में जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने वितरित की। क्लब सचिव रोटेरियन निकिता असीजा ने कहा कि क्लब सदा ही समाज की भलाई के कार्यों के लिए तत्पर रहता है, इसलिए जरूरतमंदों को सिलाई मशीन प्रदान की, जिससे कि वह अपनी आजीविका चला सकें।

## जोहड़ ऑवरफ्लो होने के कारण घरों में घुसा पानी

# जमालपुरवासियों ने पानी की निकासी को लेकर रोका रोड

- ग्रामीण बोले-महामारी फैलने की भी आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



गांव जमालपुर के ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार दोपहर बाद वर्षा जलभराव की समस्या को लेकर गांव के बस स्टैण्ड के नजदीक जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम और सरपंच भूपसिंह पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर करीब आध घंटा के बाद जाम को खुलवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा के कारण उनकी बस्ती के नजदीक स्थित जोहड़ ऑवर फलो हो चुके हैं। वर्षा के वक्त जोहड़ का सारा पानी उनकी बस्ती में घुस जाता है। कई घरों में भी पानी घुसने की स्थिति बनी हुई और गलियों में भी भारी मात्रा में पानी जमा है। इसके चलते उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से शीघ्र ही इनकी बस्ती से पानी निकासी की मांग की है ताकि उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के जमा पानी में सड़ांध भी आने लगी है। जिस वजह से इलाके में महामारी फैलने की भी आशंका बनी है। वहीं मौके पर पहुंचे सरपंच भूपसिंह ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या को वे जिला प्रशासन के पास पहुंचाएंगे और जल्द ही पानी निकासी का प्रबंध करवाएंगे तभी जाकर ग्रामीण घरों को लौटने को राजी हुए।

### आधे घंटे यातायात बाधित

जाम के कारण तोशाम-हांसी मुख्यमार्ग करीब आधा घंटा तक अवरूध रहा। जिससे राहगिरों को भी परेशानी उठानी पड़ी। जाम लगने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी,बल्कि कई वाहन चालकों को रास्ते बदल कर गंत्तव्य तक पहुंचना पड़ा। दिनभर वाहन चालक रास्ते को लेकर परेशान रहे।

### मंढाणा गांव से बरसाती पानी की निकासी दिए निर्देश

**बवानीखेड़ा।** हल्का बवानी खेड़ा के गांव मंढाणा में बरसाती पानी से कई एकड़ फसल खराब होने से किसानो का नुकसान हो गया, मोके पर पहुंचे हल्का बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के बड़े भाई मास्टर राजेश ने ग्राम वासियों की समस्या सुनी व आँखो देखा हाल जाना और मास्टर जी ने तुरंत ही विधायक जी को फोन करके मंढाणा गांव की जलभराव की समस्या बताई विधायक ने अधिकारियों के पास फोन करके निर्देश दिए जल्द से जल्द मंढाणा गांव के बरसाती पानी का समाधान किया जाए और विधायक जी ने फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

## मास्टर हवा सिंह सोनी आरएलडी के प्रदेश महासचिव नियुक्त

**तोशाम।** तोशाम निवासी मास्टर हवा सिंह सोनी राष्ट्रीय लोकदल पार्टी के प्रदेश महासचिव नियुक्त किए गए हैं। जिस पर मास्टर हवा सिंह सोनी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जगजीत सिंह सांगवान, पार्टी के मुख्य महासचिव त्रिलोक त्यागी आदि सहित पार्टी के समस्त नेताओं तथा पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया है। इस दौरान मास्टर हवा सिंह सोनी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महासचिव कि अहम जिम्मेदारी दी है उसे वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ निभाएंगे।

- उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जगजीत सिंह का आभार जताया

उन्होंने बताया कि पार्टी के द्वारा प्रदेश की कार्यकारिणी का गठन किया गया है उसमें प्रदेश के प्रत्येक जिले को प्रतिनिधित्व देने के साथ ही अन्य समीकरणों का भी ध्यान रखा गया है। सोनी का कहना था कि आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी अगले माह के अंत में चंडीगढ़ पहुंचेंगे तथा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेश की कार्यकारिणी के समस्त सदस्य मौजूद रहेंगे वहीं आगामी समय में जिला स्तर से लेकर विस क्षेत्र स्तर तक पार्टी का विस्तार करने के साथ-साथ पार्टी के महिला विंग भी स्थापना की जाएगी।

## शहीद उधम सिंह और तुलसीदास को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक व पौधारोपण कार्यक्रम
- शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस व गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर तीन दिवीय कार्यक्रमों का आगाज
- समाज में सकारात्मक के लिए शहीदों व संतों के आदर्शों से जुडना जरूरी : महंत चरणदास

हनुमान ढाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस और गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार से तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज हुआ। मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास के सान्निध्य में आयोजित होने वाले इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों का उद्देश्य देशभक्ति और नैतिक मूल्यों के प्रति युवाओं को जागरूक करना है।

तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत वीरवार को हनुमान जोहड़ी मंदिर में शहीद उधम सिंह और गोस्वामी तुलसीदास के चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर मंदिर के महंत बालयोगी चरणदास महाराज ने दोनों महान हस्तियों के जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला, उनके बलिदानों और शिक्षाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

### महान शहीदों और संतों के आदर्शों से जुडना जरूरी

बालयोगी महंत चरणदास ने बताया कि इन तीन दिनों में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा सत्र और पौधारोपण अभियान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा सत्संग एवं सुंदर कांड पाठ का भी आयोजन होगा। इन गतिविधियों का मुख्य लक्ष्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और आने वाली पीढ़ियों को हमारे महान शहीदों और संतों के आदर्शों से जुडना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया तथा गोस्वामी तुलसीदास ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को नैतिकता और भक्ति का मार्ग दिखाया। महाराज ने जोर दिया कि इन दोनों विभूतियों का जीवन हमें त्याग, समर्पण और उच्च नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर भरत दास महाराज, मंगल दास महाराज, समाजसेवी रमेश सैनी, पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार, ओमवीर कौशिक, राकेश तंवर, दीपक फौगाट, मा. हरेंद्र पुनिया, विक्रम योगाचार्य, आशुतोष, सुनीता, जितेंद्र, प्रियंका, विधि, मानवी, इशिका, शुभम, मानसी, खुशी, पवन सैनी, आकाश सैनी, हिमांशु, मनन, सुनील अग्रवाल, मास्टर सुरेंद्र, चिराग अग्रवाल, नमन अग्रवाल, हिमेश, संदीप सैनी, सरस्वती, ओमपति, चंद्रकला, सुनीता, कमल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पौधे के वृक्ष बनने तक करें देखभाल : राणा

**चरखी दादरी।** पर्यावरण संरक्षण करने के लिए हमें जमीनी स्तर पर कदम उठाने होंगे। केवल कुछ पौध रोपित कर हम अपने कर्तव्य को पूरा न मानें बल्कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि जब तक वो पौध के वृक्ष न बन जाने तक देखभाल करे। वृक्ष बनने के बाद ही हमें आक्सीजन मिलेगी, इसलिए जीवनदायिनी प्रकृति व पर्यावरण का संरक्षण हम सभी का फर्ज भी है, ये बात भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी विकास राणा ने पौधरोपण करते हुए कही।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीमली में एक पेड मां के अभियान के तहत पौधरोपण किया। स्कूल परिसर तथा आसपास के खाली स्थानों पर अलग अलग किस्म की पौध रोपित करते हुए विकास राणा सहित सभी ने आह्वान किया कि मानसून के मौसम का अधिक से अधिक लाभ पर्यावरण प्रेमी उठाए व पौधों को रोपित करे। इस अवसर पर प्राचार्य बलराज की अगुवाई में पौधरोपण किया। इस दौरान प्रवक्ता डॉ अनिता सांगवान, धर्मेंद्र, भूपेंद्र, संदीप कुमार सहित आंगनबाडी वर्कर राजबाला, लीला बाई, जोगेंद्र, मुकेश व दर्शना सहित स्टाफ सदस्य थे।



चरखी दादरी। स्कूल परिसर में पौधरोपण करते स्कूल स्टाफ सदस्य।

# बारिश में भी धरने पर डटे रहे किसान

- अनाजमंडी के सामने संचालित धरना अब शैड के नीचे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बरसात में भी उपमंडल के संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारी उपमंडल की अनाजमंडी के शेड् के नीचे १५ वें दिन धरना लगाकर सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। धरने पर जाट आरक्षण संघर्ष समिति अध्यक्ष गंगाराम श्योराण, किसान सभा प्रदेशाध्यक्ष बलबीर सिंह, छात्र नेता विजय मोटू ने पहुंचकर किसानों की मांगों का समर्थन किया तथा रोष प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

कस्बे की अनाजमंडी में किसान नेता राजकुमार हड़ौदी की अध्यक्षता में संचालित धरने को संबोधित करते हुए जाट आरक्षण संघर्ष समिति अध्यक्ष गंगाराम श्योराण, किसान सभा प्रदेशाध्यक्ष बलबीर सिंह ने कहा कि सरकारी की मनमानी व पूंजीपति हितैषी नीतियों से हर वर्ग में हताशा व उपेक्षा का माहौल बना हुआ है, मेहनतकश किसान से पहले प्रीमियम वसूला जाता है और फिर प्राकृतिक आपदा के समय मदद के समय उसको नकार दिया जाता है जो न्यायसंगत नहीं है। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में बड़े -बड़े दावे करने वाले सांसद धर्मबीर सिंह, किरण चौधरी, कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी व अन्य विधायक किसान की आवाज सुनने तक नहीं आ रहे है, जिससे खिलाफ अब लोगों में रोष बना हुआ है।



बाढ़ड़ा। अनाजमंडी में धरने के दौरान विरोध जताते संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारी।

### घोटाले की जांच हो

कांग्रेसी नेता राजू मान व छात्र संघर्ष समिति के पूर्व अध्यक्ष विजय मोटू ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों की मदद के बिना कंपनी इतना बड़ा गोलमाल करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि खरीफ कपास बीमा क्लेम में भिवानी व चरखी-दादरी जिलों के 50 करोड़ रुपयों के घोटाले की जांच की मांग । धरने का संचालन कामरेड रामपाल धारणी ने किया। धरने पर किसान सभा अध्यक्ष मास्टर रघबीर श्योराण काकड़ौली, भूपसिंह दलाल, नरेश कादयान, ब्रहमपाल बाढडा, रामपाल धारणी, रणधीर उमरवास, सतवीर सिंह भांडवा, राधे श्याम शर्मा, करतार सिंह गोपी, ओमप्रकास, रघवीर, कर्णसिंह, नरेश, राजेश, संदीप, महिपाल, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## बेसहारा पशुओं को बुखार के बाद हो रहा है लकवा

- 15 दिनों में 200 पशु लकवे के शिकार, समाजसेवाक उपचार में जुटे
- एक महीने से रोजाना तीन से चार मामले सामने आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

इन दिनों पशुओं में एक ऐसी बीमारी तेजी से फैल रही है जो उनको अपाहिज बना रही है, इस बीमारी के बाद पशु अपने पिछले दोनों पैरों से लकवा ग्रस्त हो जाता है, जिसकारण उसका उठ कर चलना संभव नहीं रह जाता, गौसेवक रिम्पी फौगाट की टीम लगातार पशुओं की सेवा में जुटी हुई है, लेकिन प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की कोई पहल न होने पर गहरी निराशा व रोष बना हुआ है।

गौसेवक रिम्पी फौगाट ने बताया कि पिछले एक महीने से पशुओं में ऐसी बीमारी फैल रही है। जिसे देसी भाषा में लंगड़ा बुखार भी कहते हैं। वीरवार को शहर की एमसी कॉलोनी, रविदास नगर, कबीर नगर सहित कई स्थानों बीमारी से ग्रस्त पशु मिले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह में करीबन 200 पशुओं का इलाज किया, जिनमें से अधिकतर टैग वाले मिले है, जिनकी जिम्मेदारी नप की होनी चाहिए, लेकिन बेसहारा पशुओं की तरफ किसी का ध्यान नहीं है। फौगाट ने बताया कि एक महीने से रोजाना तीन से चार मामले पशु के बुखार चढ़ने पर एक स्थान पर बैठने और उसको उठाने की कोशिश करते हैं तो उठ नहीं पाता, बीमारी के चलते वह पिछले पैरों से पैरालाइज हो जाता है जिसका ट्रीटमेंट लगभग 3 से 5 दिन चलता है। इसके बाद पशु को राहत मिलती है उठ कर चलता है। फौगाट ने बताया कि ऐसी सीजन की बीमारी होने पर पशु विभाग को डॉक्टरों की टीम गठित कर टोल फ्री नंबर शुरू कर देना चाहिए ताकि लावारिस पशुओं में फैली हुई बीमारी पर कंट्रोल किया जा सके और पशुपालकों तक यह बीमारी न पहुंचे।

आज के दिन छोटे से छोटा पशु पालक भी एक से डेढ़ लाख का पशु रखता है, जिस पशु पर बीमारी आने पर आर्थिक दबाव न पड़े और पशु के साथ कोई हादसा न हो।



चरखी दादरी। लकवा ग्रस्त पशु का उपचार करते गौसेवक।

# बृजपाल सिंह परमार बने अध्यक्ष

- आजाद नगर कॉलोनी के लोगों ने प्राचीन राधाकृष्ण शिव मंदिर में आयोजित बैठक में किया कार्यकारिणी का गठन
- भूमाफिया की डेढ़ सौ साल पुराने मंदिर पर बुरी नजर, समिति लड़ेगी हर स्तर पर लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तुहीराम हरनामदास राधाकृष्ण शिव मंदिर में मोहल्ला मंदिर प्रबंधन समिति सदस्यों की बैठक वीरवार को आयोजित की गई। जिसमें समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नई कार्यकारिणी में बृजपाल सिंह परमार को मोहल्ला मंदिर प्रबंधन समिति का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जबकि अध्यक्ष की सहमति से श्यामलाल अग्रवाल को उपाध्यक्ष, सोमदत्त तिवारी को कोषाध्यक्ष व समाजसेवी सुरेंद्र सोनी को समिति का सचिव चुना गया। इस मौके पर बलवान, अशोक शर्मा, संजय, जयप्रकाश, कमला, अनीता, सुमन, सुनीता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष बृजपाल सिंह परमार ने कहा कि भूमाफिया की करीब डेढ़ सौ साल पुराने तुहीराम हरनामदास राधाकृष्ण शिव मंदिर की भूमि पर बुरी नजर है। इस मंदिर को तोड़कर इस भूमि को बेचने की कोशिश की जा रही है। लेकिन आजाद नगर के लोगों के लिए डेढ़ सौ साल पहले बनाए गए प्राचीन मंदिर को किसी भी सुरत में खुर्द बुर्द नहीं करने दिया जाएगा। समिति कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।



भिवानी। नवनियुक्त चयनित अध्यक्ष बृजपाल परमार को सम्मानित करते हुए।

### विचार-विमर्श किया

समिति के सचिव सुरेंद्र सोनी ने कहा कि समिति द्वारा बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध करना और मानव सेवा के अलावा अनेक जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में नई कार्यकारिणी ने समिति के आगामी सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तैयार की वहीं मंदिर के रखरखाव को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

## निर्माण मजदूर कल बाढ़ड़ा में करेंगे ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन

- जांच के नाम पर प्रदेश सरकार निर्माण मजदूरों को बना रही बलि का बकरा : सुमेर

**बाढ़ड़ा।** ब्लॉक स्तरिय प्रदर्शन को लेकर भवन निर्माण कामगार युनियन के सदस्य क्षेत्र के गांवों में मजदूरों की बैठके कर रहे है, जिसके तहत गांव पंचगावा, गोपी बेरला आदि गांवों में बैठके करके लोगो को जागरूक किया तथा दो अगस्त को ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में भाग लेने के लिए जागरूक किया। निर्माण मजदूरों की बैठकें की जिन्हें भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान सुमेर सिंह व ब्लॉक कोषाध्यक्ष रोशनलाल ने संबोधित किया। मजदूरों को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने बताया कि भाजपा सरकार ने बोर्ड में फैले भ्रष्टाचार का हवाला देकर बोर्ड के सभी ऑनलाईन काम बंद कर दिये हैं, जिसके चलते पिछले दो माह से पास हुए सुविधा फार्मो की राशि को भी वैरिफिकेशन के नाम पर रोक दिया है। इससे ऐसा लगता है कि सरकार निर्माण मजदूर कारीगरों के लंबे संघर्ष के दम पर बनवाए गए श्रम कल्याण बोर्ड को ही बन्द करना चाहती है। बोर्ड का पोर्टल बन्द होने के चलते ना केवल सुविधाओं पर रोक लग गयी है बल्कि नया पंजीकरण भी बन्द हो गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार अपने चहेते दलालों एवं भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने के लिए मजदूरों को बलि का बकरा बना रही है।

**विरोध** ट्यूबवेल ऑपरेटरों का सरकार के खिलाफ चौथे दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

# ट्यूबवेल ऑपरेटर ड्यूटी अनुभव को सर्विस रिकार्ड में दर्ज करने की मांग पर अड़े

दो दिन में मांगें नहीं मानी तो पेयजल आपूर्ति ठप करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

विभाग में लगातार काम करने के अनुभव को रिकार्ड में दर्ज नहीं करवाने के विरोध में जनस्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवेल ऑपरेटरों ने सरकार के खिलाफ चौथे दिन भी विभाग के उपमंडल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी रखा। आंदोलनकारियों ने दावा किया कि कि जब उनका काम करने का रिकार्ड पूरा है तो उसको सर्विस रिकार्ड में शामिल न करके विभाग हठर्मिता अपना रहा है और वह अपने जायज अधिकारों के लिए आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ेंगे तथा दो दिन में मांगे नहीं मानी गई तो पेयजल आपूर्ति ठप कर देंगे।



बाढ़ड़ा। जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यालय के मुख्य द्वार पर रोष प्रदर्शन करते ट्यूबवैल ऑपरेटर। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल कार्यालय पर ट्यूबवैल ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर विभाग की मनमानी कार्यशैली के खिलाफ शाखा सचिव जयभगवान शर्मा की अध्यक्षता में चौथे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबधित जनस्वास्थ्य विभाग दादरी अध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान की अगुवाई में सैंकड़ों कर्मियों ने पहुंच कर समर्थन किया तथा आंदोलन में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया।

### रिटायर्ड कर्मचारियों ने दिया समर्थन

उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी कर्मचारियों के साथ सरकार ज्यादती बरत रही है। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि उन्हें कौशल रोजगार योजना में उनके पिछले पूरे अनुभव को जोड़ा जाए, ताकि उनकी सेवा का उचित मूल्यांकन हो सके और भविष्य में स्थायी नियुक्तियों या वेतनमान में उन्हें उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि सरकार या संबधित विभाग उनकी मांगों को नहीं मानता तो धरना अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि विभाग के कर्मियों की मांगों को लेकर बार-बार एसडीओ से मुलाकात की लेकिन उन्होंने साफ किया कि एचकेआरएन योजना में भर्ती कर्मचारियों को भर्ती से पहले का अनुभव का लाभ दिया जाएगा, लेकिन वह लिखित में आश्वासन नहीं देंगे, जिसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल खत्म करने से साफ मना कर दिया। धरना प्रदर्शन में जिले के रिटायर्ड कर्मचारियों ने भी धरना प्रदर्शन में समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन में जिला चरखी दादरी के कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान ईश्वर जगरामबास, जगबीर चांदनी, मोनू, धर्मेंद्र हाड़ोदा, बिजेंद्र, धर्मवीर ,अजय, अमरजीत कादमा, विनोद,अली, जयभगवान आदि मौजूद रहे।

### विधायक सर्राफ ने शहीद उधम सिंह को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

# शहीद उधम सिंह का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत : सर्राफ

■ समाज व राष्ट्र की तरक्की में शहीद उधम सिंह के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद उधम सिंह का बलिदान दिवस वीरवार को पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ के नेतृत्व में बाग कोठी स्थित उनके कार्यालय में मनाया। यह जानकारी देते हुए भाजपा स्वच्छता विभाग के जिला संयोजक रमेश सैनी ने दी। इस दौरान विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में अनेक लोगों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया तथा समाज व राष्ट्र की तरक्की में उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

इस मौके पर विधायक सर्राफ ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने जलियावाला नरसंहार कांड का बदला जनरल डायर को उन्ही के देश इंग्लैंड में जाकर उनकी हत्या कर लिया। हमारी युवा पीढ़ी को शहीद उधम की कुर्बानी व देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष से सबक लेना चाहिए तथा शहीद उधम सिंह के दिखाए मार्ग पर चलकर देश की एकता व अंखड़ता के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उधम सिंह ने देश के लिए बलिदान दिया। वे सच्चे राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने कहा कि उधम सिंह के दिल में देश प्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी हुई थी। शहीद भगत सिंह उन्ही से प्रेरणा लेकर मातृभूमि के लिए शहीद हुए थे, उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।


भिवानी। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद उधम सिंह को याद करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पीए आनंद, ललित, रामू जेवड़ीवाला, महेंद्र यादव सरपंच, रमन सैन, महाबीर, बीर सिंह सरपंच, कृष्ण सोनी, विक्की आदि मौजूद रहे।

#### तोशाम में युवाओं ने दी श्रद्धांजलि

**तोशाम।** सरपंच एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सरपंच अभय सिंह अलखपुरा की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह युवा क्लब के प्रधान संदीप पंघाल सहित अन्य सदस्यों की मौजूदगी में उधम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शहीद उधम सिंह के स्वतंत्र भारत के निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा की कौन सजा देता डायर को जब शासन ही हत्यारा था, पर उस डायर को उधमसिंह ने लंदन जाकर मारा था। इस दौरान उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के प्रतिशोधी, महान क्रांतिवीर व अमर सेनानी सरदार उधमसिंह की पुण्यतिथि पर कोटिशः नमन करते हुए कहा कि हर बार इतिहास कलम से नहीं लिखा जाता कुछ पिस्टल भी इतिहास बनाती हैं। उधम सिंह की पिस्टल हो, या बाबा साहब की कलम हो, बिरसा का धनुष बाण हो, या रविदास का ज्ञान हो। उनका कहना था कि यह सब इतिहास का हिस्सा है इसी कड़ी में सरदार उधम सिंह को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस मौके पर अजीत बडेसरा, हरदीप पंघाल, कुलदीप दलाल, रतिराम अलखपुरा, सोनू कांटिवाल, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

#### एसयूसीआई ने आयोजित की सभा

**तोशाम।** भारत की क्रान्तिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने गुरुवार को शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर तोशाम में पार्टी कार्यालय वार्ड 15 में एक सभा की। जिसकी अध्यक्षता कामरेड महेंद्र सिंह कटारिया ने की। इस दौरान शहीद उधमसिंह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करने के बाद तोशाम पार्टी जिला सचिव कामरेड रोहतास सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उधमसिंह के बचपन में ही उनके माता-पिता गुजर गए और वे एक अनाथालय में ही पले-बढ़े। युवावस्था में उधमसिंह क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आये। जलियांवाला बाग में बैसाखी के अवसर पर रोलेट एक्ट के खिलाफ इकट्ठे हुए सैकड़ों निर्दोष लोगों के नरसंहार के दोषी माइकल ओ डायर को इंग्लैंड में जाकर शहीद उधमसिंह ने गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। ये कोई बदले की भावना का मामला नहीं था बल्कि उन्होंने दुनिया को ये सन्देश दिया कि हिंदुस्तान को अब अंग्रेजी साम्राज्यशाही की बर्बरता से मुक्त कराने का समय आ गया है। इस मौके पर पार्टी के जिला कमेटी के सदस्य कामरेड बस्तीराम ने मुख्य वक्तव्य रखते हुए बताया कि शहीद उधमसिंह का बचपन भयंकर गरीबी में बीता।

## शहीद उधम सिंह की स्मृति में बाबा रूपनाथ जनकल्याण समिति ने लगाए 10 पौधे

**भिवानी।** शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर वीरवार को बाबा रूपनाथ जनकल्याण समिति दिनोद ने गांव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। समिति के सदस्यों ने दिनोद में 10 पौधों का रोपण किया और उनके संरक्षण की भी जिम्मेदारी ली। बाबा रूपनाथ जनकल्याण समिति के अध्यक्ष राजवीर मेहरा, उपाध्यक्ष पवन मास्टर, कोषाध्यक्ष सनिपाल मास्टर व महासचिव सोमबीर शास्त्री ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल गांव के हरित आवरण को बढ़ाना है, बल्कि समुदाय में विशेषकर युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा करना भी है। उन्होंने कहा कि ये 10 पौधे केवल शुरुआत है, वे भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। जगदीश ने कहा कि युवा पीढ़ी को हमारे महान क्रांतिकारियों के जीवन आदर्शों व पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। जग्गन महेरा ने समिति की पर्यावरण संरक्षण की सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुरेंद्र सैन, राजकुमार, नरेश महेरा, अंकित बिबान व अनिल दिनोद मौजूद रहे।



## दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

■ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे शहीद उधम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शहीद उधम सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शहीद उधम सिंह ने अमिट छाप छोड़ी है, ये बात दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के पदाधिकारियों ने दी।

एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने वीरवार को लघु सचिवालय में कंप्युटर ऑपरेटरस व पटवारियों के साथ शहीद उद्यम सिंह के शौर्य और बलिदान को नमन किया। धर्मवीर पटवारी ने बताया कि उनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले में हुआ था। उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीछे के मास्टरमाइंड माइकल ओ डायर की हत्या करके बदला लिया था। इस अवसर पर मोहनलाल पटवारी, धर्मबीर पटवारी, ऑपरेटर विद्यारत्न, निखिल पटवारी, नीरज वर्मा ऑपरेटर, संदीप नेहरा, ऑपरेटर मंजीत, अनुज ग्रेवाल पटवारी ,ऑपरेटर जीतू, अनिल पटवारी, रामभज नंबरदार,मनोज ऑपरेटर, मुकेश शर्मा, आदि उपस्थित थे।


भिवानी। शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि देते दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## देश की आजादी में शहीद उधम सिंह के योगदान को किया याद


भिवानी। शहीद उधम सिंह को नमन करते किसान संगठन।

■ शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव खावा स्थित शहीद मंगल सिंह खरेटा समाधि स्थल पर किसान भवन व गौभक्त हरफूल सिंह जाट जुलानीवाला गोशाला में शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस श्रद्धा और देशभक्ति से मनाया।

लोगों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा देश की आजादी में उनके अमूल्य योगदान को याद किया। मोर्चा के युवा प्रदेश अध्यक्ष युद्धवीर खरेटा व गौशाला सचिव मनफूल जटासरा ने शहीद उधम सिंह के जीवन और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऊधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के मुख्य दोषी माइकल ओ डायर को लंदन में जाकर गोली मारी और इस प्रकार अन्यायी ब्रिटिश शासन से बदला लिया। इस मौके पर मन्नत खरेटा, विकास घणघस, सुनील ढुल पंच, टामटू ढुल, धूप सिंह, गुलाब श्योराण, संदीप, अनुप ढुल, जगदीप ढुल, सुनील नंबरदार, मान सिंह, बौद राम अवतार, संदीप खरेटा, खुशी ढुल, दीपिका, हिमांशी, खुशी घणघस, रमेश भालोठिया, सज्जन भालोठिया, अदिति खरेटा, दीपांशु खरेटा आदि मौजूद रहे।

## स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी व क्रान्तिकारी थे उद्यम सिंह : यादव



**भिवानी।** भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के महान सेनानी एवं क्रान्तिकारी थे। उन्होंने जलियांवाला बाग कांड के समय पंजाब के गर्वनर जनरल रहे माइकल ओ ड्वायर को लन्दन में जाकर गोली मारी थी, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने शहीद उद्यम सिंह के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उद्यम सिंह ने माइकल ओ डायर पर गोलियां दाग दीं। दो गोलियां माइकल ओ डायर को लगीं जिससे उसकी तत्काल मौत हो गई। उद्यम सिंह ने वहां से भागने की कोशिश नहीं की और अपनी गिरफ्तारी दे दी। उन पर मुकदमा चला। 4 जून 1940 को उधम सिंह को हत्या का दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को उन्हें पेंटनविले जेल में फांसी दे दी गई। इस मौके पर रणबीर सांगवान, सुरजभान बामला, बिजेन्द्र कोट, जसबीर फौजी, धर्मपाल ग्रेवाल, रामअवतार गुप्ता, चतर जीताखेड़ी, सुभाष बामला, रामपाल यादव, प्रकाश धनाना, जंगबीर भैणी व सुरेश किराड़ आदि उपस्थित रहे।

## नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।** स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने संस्था कार्यालय मे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था के सदस्यों और समाजसेवियों ने पुष्प अर्पित कर शहीद को नमन किया और उनके अमर बलिदान को याद किया। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति ने कहा कि शहीद उधम सिंह का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष और सच्चे देशभक्त होने का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में शहीदों के विचारों को अपनाएं। शहीदों को केवल एक दिन नहीं, बार-बार नमन किया जाना चाहिए। शहीद उधम सिंह का जीवन साहस, संकल्प और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है, उनका बलिदान हमें यह सिखाता है कि अन्याय के खिलाफ खड़ा होना ही सच्ची देशभक्ति है। इस अवसर पर अनुष्का, मानसी, मनुष्का, पर्व बेडवाल, दिनेश राजोरा, अखिलेश, मनोज भगत, मीना, सुरेंद्र राहड़, मुकेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि



**भिवानी।** शहीद उधम सिंह महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी के साथ-साथ महान देशभक्त थे, उनके द्वारा दिए गए बलिदान के लिए राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। भिवानी में जलियांवाला बाग नरसंहार का प्रतिशोध लेने वाले महान क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर भाजपाइयों एवं ग्रामीणों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि मां भारती के वीर सपूत, महान क्रांतिकारी सरदार उधम सिंह ने देश के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई प्रदान की। पूरा देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी, रीतिक तिगड़ाना, विशाल तिगड़ाना, निरंजन तिगड़ी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## किसान संगठनों ने मनाया शहीदी दिवस

■ शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

किसान सामाजिक समिति के सदस्यों ने उधम सिंह के शहीदी दिवस पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

उन्होंने कहा कि आज ही के दिन शहीद हुए शहीद उद्यम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड को देखकर एक शपथ ली थी कि जब तक जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषियों को मौत के घाट नहीं उतार दूंगा तब तक चैन की सांस नहीं लूंगा। इसी बात को लेकर शहीद उद्यम सिंह ने लगभग बीस साल तक लंबा संघर्ष किया और लंदन जाकर जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया। लंदन में उन्होंने माइकल ओ डायर की गोली मारकर हत्या कर दी। उधम सिंह ने गिरफ्तारी का विरोध नहीं किया और अपने मुकदमे का इस्तेमाल ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया। इस पर ब्रिटिश शासन ने उन्हें दोषी पाया और लंदन की एक जेल में फांसी दे दी। इस अवसर पर नरेश जाखड़, अमित आर्य, मनदीप बाढ़ड़ा, रणबीर काकडौली, सुखबीर जगरामबास, प्रदीप, दीपक मांढ़ी हरिया, हरीश कारीमेला, कमलेश बेरला, हनुमान गोपी व जितेंद्र आदि मौजूद रहे।


बाढ़ड़ा। शहीद उधम सिंह शहीदी दिवस पर उन्हें नमन करते सामाजिक संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## कमांडो महेन्द्र का चांग में स्वागत

■ एनएसजी कमाण्डो महेन्द्र सिंह को मिला है गैलेंट्री अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव चांग निवासी एनएसजी कमाण्डो महेन्द्र सिंह को गैलेंट्री अवार्ड मिलने पर पहली बार गांव पहुंचे। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। एनएसजी कमाण्डो महेन्द्र ने सबसे पहले गांव चांग के संत कबीर आश्रम व बाबा अधीरा में मत्था टेका। इसके बाद उनका खुली जीप में बैठाकर घर तक लाया गया। गांव में जगह-जगह पर महेन्द्र कमाण्डो का फूलों की मालाओं से ग्रामीणों ने स्वागत किया। कमाण्डों महेन्द्र के भाई सुभाष ने बताया कि उनकों 27 जुलाई को दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा गैलेंट्री अर्वार्ड से सम्मानित किया। समस्त ग्रामीणों की तरफ से आज उनका गांव चांग पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महेन्द्र ने मानेसर में एनएसजी कमाण्डों के तौर पर कार्यरत है। एनएसजी कमांडो महेन्द्र सिंह का चांग की सूर्या डिजिटल लाइब्रेरी में सम्मान किया। इस अवसर पर सुभाष, राजेश कुमार, जिला पार्षद बंटी, बिन्नू रंगा, चांग सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप रंगा, आनंद ग्रेवाल, मास्टर चरणसिंह ढांडा, शिवकुमार चांगिया, राजेश ढांडा, डॉ. राजेश ग्रेवाल, इद्रजीत ठेकेदार, मंजीत ग्रेवाल, मास्टर आजाद, सरजीत सभ्रवाल, आदि मौजूद थे।


भिवानी। गैलेंट्री अवार्ड मिलने पर कमांडो महेंद्र का स्वागत करते ग्रामीण।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

चिंताजनक | ढिगावा मंडी व आसपास के क्षेत्र में नशा करने वाले युवाओं की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोतरी


# नशे के खिलाफ मंडी बाजार बंद कर ग्रामीणों के साथ पंचायत में पहुंचे दुकानदार और व्यापारी

पंचायत में 31 लोगों की कमेटी बनाई जो नशे के विरोध में कदम उठाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढिगावा मंडी

ढिगावा मंडी क्षेत्र में नशा तेजी से पैर पसार रहा है। ढिगावा मंडी व आसपास के क्षेत्र में नशा करने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। ज़ब उज्वल भविष्य के सपने देखने वाली युवा पीढ़ी नशे की गर्त में डूबने लगे तो यह समाज के लिए एक गंभीर चिंताजनक स्थिति बन जाती है।

इसको देखते हुए ढिगावा मंडी, बाजार और ढिगावा जाटान के ग्रामीणों ने सार्वजनिक पंचायत बाजार की धर्मशाला में बुलाई। इस दौरान मंडी बाजार की दुकान बंद कर व्यापारी और दुकानदार पंचायत में पहुंचे। इस दौरान मंडी बाजार की दुकान बंद रही। पंचायत सरपंच धर्मवीर सिंह नेहरा की अगुवाई में हुई इस पंचायत में ढिगावा जाटान व मंडी बाजार के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और नशे के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया। पंचायत में सबसे पहले गांव, मंडी बाजार के करीब 31 लोगों की कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी अधिकारियों से मिलकर नशे की दवाईया (प्रतिबंधित दवा)बेचने वाले मेडिकल स्टोर को बंद करवाने व नशा बेचने वालों के विरुद्ध कठोर कदम उठाने के लिए काम करेगी।


ढिगावा मंडी। नशे के खिलाफ हुई पंचायत का फैसला पढ़ कर सुनाते हुए सरपंच धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### ग्रामीणों में रोष पनपा

सरपंच धर्मवीर सिंह नेहरा ने पंचायत का फैसला सुनाते हुए कहा की विगत में मेडिकल स्टोर पर हुई छापामारी पर प्रशासन द्वारा कोई कठोर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। अब ग्रामीणों ने मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई करने के लिए कमेटी गठित कर दी है जो कि बड़ा फैसला लेगी। इस मौके पर प्रधान संदीप, काशीराम नंबरदार, कमल सिंह मान, विजय नेहरा , कुलदीप नेहरा, रोशन सेठ, कृष्ण कुमार, आजाद सांगवान, रविंदर टेलर, धर्मपाल नायक, गुलशन सेठ , पुरुषोत्तम जांगड़ा, विजय जांगड़ा सहित सैकड़ो लोग को उपस्थित रहे।